स्पीड न्यूज

## अरका जैन यूनिवर्सिटी के दो छात्रों का एक्सिस बैंक में हुआ प्लेसमेंट

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी में आज देश की तीसरी सबसे बड़ी नेशनल बैंक एक्सिस बैंक में प्लेसमेंट ड्राइव ऑर्गेनाइज किया जिसमें एमबीए के छात्र ही एलिजिबल थे इसमें मुख्यता एमबीए पास आउट बच्चे भाग ले सकते हैं। एक्सिस बैंक ने असिस्टेंट मैनेजर के प्रोफाइल के लिए यह प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जिसमें दूर राउंड इंटरव्यू से छात्रों को गुजारना पड़ा पहले राउंड में ऑनलाइन टेस्ट एवं दूसरे राउंड में बिजनेस राउंड इंटरव्यू हुए इसमें कुल 30 एमबीए के छात्रों ने भाग लिया और अंतिम रूप से 2 छात्रों का चयन हुआ। अंतिम रूप से जो छात्र चयनित हुए वह हैं मानसी मुखर्जी एवं संदीप साहा । छात्रों को अभी 2 महीने की ट्रेनिंग पर दिया गया है ट्रेनिंग के बाद छात्रों को पैनइंडिया कहीं भी जॉब लोकेशन दिया जा सकता है एवं छात्रों को 500000 का सालाना पैकेज ऑफर किया गया है।

## जुगसलाई ओवर ब्रिज से जुगसलाई थाने तक जाम के झाम से मुक्ति दिलाये प्रशासन

**जमशेदपुर।** मंगलवार को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत्व में जमशेपुर उपायुक्त महोदय से मिला और जुगसलाई ओवर ब्रिज से जुगसलाई थाने तक होने वाले सड़क जाम के संबंध में तथा समस्या के समाधान के संबंध में पत्र दे अवगत कराया और उचित कारवाई करने की बात कही उपरोक्त विषय में ध्यानाकृष्ठ कराते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया की जुगसलाई फाटक गोल्चक्कर से जुगसलाई पावर हाउस गेट तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक भारी जाम लगता है जिससे कई बच्चों का स्कूल छूट जाता है और प्रतिदिन दुर्घटना भी होती है जिसमें पिछले दिनों एक बच्चे की मृत्यु हो गई थी।

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने रामाधीन बागान में 3 एमजीडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पीने के पानी की बढ़ती खपत को पूरा करने के लिए, टाटा स्टील यूआईएसएल ने आईएसडब्ल्यूपी ट्रांसपोर्टेशन पार्क के पास रामाधीन बागान में 3 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) जल उपचार संयंत्र का निर्माण किया है। यह संयंत्र नामदा बस्ती, मिश्रा बागान, जेम्को आजाद बस्ती, ग्वाला बस्ती, रामाधीन बागान, मनीफिट बस्ती, महानंदा बस्ती आदि जैसे विभिन्न स्थानों की पेयजल जरूरतों को पूरा करेगा। संयंत्र का उद्घाटन चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और रितु राज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल ने किया। संयंत्र नवीनतम तकनीकों और उपकरणों से लैस है, जो उच्चतम स्तर की दक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है। जैसे इलेक्ट्रो-क्लोरीनेशन प्लांट के माध्यम से कीटाणुशोधन किया जाता है, इसी प्रकार तरल क्लोरीन के उपयोग को समाप्त कर दिया जाता है। फिल्टर बेड में उत्पन्न अपशिष्ट जल को वापस इनलेट क्षेत्र में पुनर्नवीनीकरण किया जाता है। संयंत्र भौतिक-रासायनिक के साथ-साथ सूक्ष्म-जैविक विश्लेषण के लिए एक प्रयोगशाला सुविधा से सुसज्जित है। साथ ही ऑटोमेशन सिस्टम में पीएलसी नियंत्रित फिल्टर बेड, पंप हाउस और क्लैरिफायर सिस्टम होते हैं। उद्घाटन समारोह में प्रणय सिन्हा, चीफ, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, कैप्टन धनंजय मिश्रा, सीनियर जनरल मैनेजर, टीएसयूआईएसएल, संजीव कुमार झा, ईआईसी (वाटर एंड वेस्ट वाटर सर्विसेज), टीएसयूआईएसएल तथा टाटा की सीनियर लीडरशिप के दोनों टीमों ने भाग लिया। इस संयंत्र से क्षेत्र में शुद्ध पानी की बढ़ती मांग को पूरा करने और औद्योगिक क्षेत्र के सतत विकास का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।



रामाधीन बागान में टाटा स्टील यूआईएसएल का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

## कविगुरु रवीन्द्र नाथ टैगोर की जयंती पर शहर में कई आयोजन

**जमशेदपुर।** शहर के कला संस्कृति के प्रमुख केन्द्र रबीन्द्र भवन परिसर में कविगुरु रबीन्द्र नाथ टैगोर की 162वीं जयंती के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन टैगोर सोसाईटी के बैनर तले किया गया। प्रातः 5.30 बजे प्रभात फेरी टैगोर सोसाईटी प्रांगण से निकलकर बागे जमशेद चौक, साकची गोलचक्कर बंगाल क्लब होते हुए रबीन्द्र भवन परिसर में आकर समाप्त हुआ। कविगुरु को उनके जन्मदिन पर स्मरण करते हुए टैगोर सोसाईटी के उपाध्यक्ष डॉ. गौतम दासगुप्ता ने कहा कि ऐसे महामानव का जन्म मानवजाति के उत्थान के लिए होता है, उन्होने अपने कला साहित्य से जो मार्ग दिखाया, न सिर्फ वह सृजन का था बल्कि उसमें सभी प्राणि मात्र के लिए दया एवं करुणा के भाव थे, उनकी रचनाओं में प्रकृति भी अपनी छटा में दिखती है।

# झपटमार गिरोह का भंडाफोड़, 8 पकड़ाये

## मोबाइल का लॉक तोड़ने वाला दुकानदार भी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पिछले कुछ हफ्ते से महिलाओं से चेन, मोबाइल छिनतई के अलावा बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं। लोगों की परेशानी को देखते हुए सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने सिटी एसपी के विजयशंकर की अगुवाई में एक अनुसंधान टीम बनायी गई थी। इस टीम ने अनुसंधान के पश्चात 8 लोगों को गिरफ्तार किया है जो दो गिरोह से जुड़े हुए हैं। ये लोग दो अलग-अलग बाइक से वे घुम धुम कर शहर में छिनतई कर रहे थे। ये लोग खासकर अकेले जा रही महिला को निशाना बना रहे थे। गिरफ्तार अपराधी 19 साल से लेकर 24 साल की उम्र के हैं। इनके पास से 13 मोबाइल बरामद किए गए हैं। ये लोग मोबाइल छीन कर दुकानदार से उसका लॉक तोड़वाकर बेच देते थे। पुलिस ने लॉक तोड़ने वाले दुकानदार को भी गिरफ्तार किया है। एसएसपी प्रभात कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में गिरफ्तार अभियुक्तों को प्रेस के सामने पेश किया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में सरायकेला-खरसावां जिला के दो और जमशेदपुर के बिरसानगर,बर्मामाइंस थाना क्षेत्र के 6 अपराधी शामिल हैं। एक दिन पूर्व साकची थाना ने दो झपटमारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसएसपी ने बताया कि 8 मई को गुप्त सूचना मिली कि एक काले रंग की पल्सर बाइक पर दो युवक छिनतई की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से कदमा थाना क्षेत्र में घूम रहे हैं।

ये लोग शहरी क्षेत्रों में अन्य कई क्षेत्र की घटना को अंजाम दे चुके हैं । सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कदमा थाना क्षेत्र में अलग स्थानों पर एंटी क्राइम चेकिंग लगाया गया। एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान कदमा उलियान चौक के पास एक काले रंग की पल्सर -220 पर सवार दो युवकों को डिटेन किया गया जिनकी पहचान धातकीडीह हरिजन बस्ती निवासी प्रथम मुखी और बिष्टुपुर नार्दन टाउन आउट हाउस नंबर 14 निवासी सौरव बाग के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों युवकों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुई छिनतई की घटनाओं में अपनी अपनी संलिप्तता स्वीकार की और छिनताई के मोबाइल के रिसीवर के बारे में जानकारी दी। दोनों युवकों की निशानदेही पर बमार्माइंस इस्लाम बस्ती निवासी लखन सिंह उर्फ लक्खु, वास्तु विहार मानगो डुप्लेक्स नंबर 352 निवासी विनय सिंह के पुत्र मनीष कुमार, बिरसानगर जोन नंबर 6 गोलमुरी क्लब के नजदीक निवासी विक्टर डेविड के पुत्र नेल्सन डेविड को गिरफ्तार किया गया। इसके पश्चात धातकीडीह ए ब्लॉक लाइन नंबर दो निवासी अकबर अंसारी को भी विधिवत गिरफ्तार किया गया। इनके पास से छिनतई किए गए 13 मोबाइल को बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान इन अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग अकेली महिलाओं से छिनतई की घटना को अंजाम देते थे।

दूसरी ओर 17 अप्रैल को बिष्टुपुर थाना अंतर्गत एल रोड में जुगसलाई की एक महिला से चिंता की घटना हुई थी जिसमें तकनीकी साक्ष्य के आधार पर उस घटना में छिनतई किए गए मोबाइल को आदिपुर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया एवं चिंतक इस घटना में संदिग्ध अपराधी धीरज गंज सतबहिनी आदिपुर निवासी बाबुल कुमार और सालडीह बस्ती ईएसआई अस्पताल के समीप आदित्यपुर निवासी जय प्रीत सिंह उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार सभी झपट मार 19 वर्ष से लेकर 24 वर्ष के हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 13 मोबाइल फोन के अलावा एक काले रंग की पल्सर बाइक और एक लाल रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल के अलावा एक बैगनी रंग का पर्स बरामद किया गया है।


पत्रकारों के सामने गिरफ्तार झपटमारों को पेश करते एसएसपी प्रभात कुमार। साथ में सिटी एसपी विजयशंकर व अन्य पुलिस पदाधिकारी।

## एक नजर में

### महाराणा प्रताप की 483 वी जयंती मनी

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री समरेश सिँह के अध्यक्षता मे आज दिनांक 9 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के 483 वी जयंती पर साकची मरीन ड्राइव स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश संरक्षक श्री चन्द्रगुप्त सिँह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय महामंत्री डॉ एम एस सिंह मानस उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित दर्जनों वीरांगनाए भी उपस्थित थी। कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री सिँह ने कहा की हल्दी घाटी का वो रणक्षेत्र आज भी महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा कहता है जिसमे मुट्ठी भर सेना को लेकर ना सिर्फ मुगलो की सेना को धूल चटा दी बल्कि मुगलो के प्रधान सेनापति बहलोल खान को उसके घोड़े समेत बिचौबीच काट दिया था, जिसके बाद मुगलो की सारी सेना भाग खडी हुई थी। उनका सारा संघर्ष पूर्ण रहा उन्होंने युद्ध के वक़्त सूखे घाँस की रोटी खायी पर विरोधियो के सामने हथियार नहीं डाले उनके सेना मे कोल भील जाति एवं मुस्लमान भी काफी संख्या मे थे युद्ध मे उनको संसाधन मुहैया करवाने हेतु महादानी भामाशाह ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ऐसे उदाहरण को अपने जीवन मे आत्मसात करते हुए आज के युवाओं को उनने प्रेरणा लेनी चाहिए के लिए प्रेरणादायक है उनके सम्पूर्ण जीवन को झारखण्ड सरकार के पाठ्यक्रम मे शामिल करने एवं उनके जयंती 9 मई को राजकीय अवकाश घोषित करने की माँग की।

### इंटरनेशनल हिजाज एकेडमी भवन का शिलान्यास आज

**जमशेदपुर ।** धतकीडीह स्थित मदरसा फैजुल उलूम मे आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए फैजुल उलूम के चैयरमैन अमेरिका से पधारे अल्लामा डा . गुलाम जरकानी कादरी ने कहा कि अपने देश भारत मे शिक्षा व तरबियती एतबार से पहला एदारा इंटरनेशनल इजाज अकेडमी भवन का शिलान्यास10 मई दिन 11 बजे कुमारगोड़ा कपाली मे उलेमाएकराम , झारखंड के मंत्री, विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों व स्थानीय विधायक के हाथों किया जाएगा। यह भारतवासियों के लिए और मुख्य रूप से शहरवासियों के लिए हर्ष कि बात है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान मे शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों के लिए लगभग 300 बेड पर आधारित हास्टल होगा। छात्रों के लिए रोजमर्रा की आवश्यकता के अलावा स्थायी तौर पर खाने – पीने , पुस्तकालय, स्टडी हाल व स्वस्थ्य रहने के लिए इस्लामी शरीयत को ध्यान में रखते हुए खेल – कूद व व्यायाम की भी समुचित व्यवस्था होगी। डा . जरकानी ने बताया कि नवीन शिक्षा के मद्देनजर आठवीं कक्षा के बाद एक पांच वर्षिय कोर्स होगा जो सीबीएसई बोर्ड या आइसीएसई बोर्ड को फौलो करते हुए इसे पूरा किया जाएगा। हास्टल मे विद्यार्थियों के लिए समुचित चिकित्सीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी और पांच वर्षिय कोर्स के पूरा होने पर हमारा प्रयास होगा कि विद्यार्थी इस्लामी संस्कार को सीख पाएं और नवीन शिक्षाके क्षेत्र में सफलता के प्रथम पाथदान तक पहुंचे और अपने देश भारत का बढ़िया नागरिक बनें।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में रविन्द्रनाथ जयंती मनायी गई

जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में भारत के महान विभूति एवं प्रख्यात साहित्य सम्राट रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभागार में रविंद्र नाथ के चित्र पर विद्यालय के अध्यक्ष महोदय श्री सुखदेव महतो अकादमिक निदेशक दिलीप कुमार महतो प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह और समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए । छात्रों ने रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा लिखी गई कविता एवं नाटकों का मंचन बखूबी किया। साथ ही उनके जीवन परप्रकाश डाला। श्रोतागण छात्रों की प्रतिभा को देखकर हर्षित हुए । अध्यक्ष सुखदेव महतो ने समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि रविंद्र नाथ ठाकुर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। इन्होंने साहित्य के कई क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई । वे केवल संगीतकार,नाटक कार,निबंधकार ही नहीं बल्कि साहित्य की कई विधाओं में निपुण थे` इन्होंने हमारे राष्ट्र को राष्ट्रगान की सौगात दी साथ ही बांग्लादेश का राष्ट्रगान आमार सोनार बांग्ला भी इन्हीं की कृति है आज हम सहृदय इस महान विभूति को याद करउन्हें नमन करते हैं वही प्रधानाचार्य ने रविंद्र नाथ टैगोर की जीवनी को संक्षेप में कहा कि यूं तो 7 मई 1861 ईस्वी में रविंद्र नाथ जी का जन्म हुआ था पर बंगाली परिवार में जन्म लेने के कारण उनका जन्म दिवस 25 बैसाख को मनाया जाता है जो इस बार 9 मई को आया है। रविंद्र नाथ टैगोर भारत के दूसरे व्यक्ति थे जिन्होंने विश्व धर्म संसद को दो बार संबोधित किया ।उनकी लोकप्रिय काव्य रचना गीतांजलि के लिए सन 1913 ईस्वी में उन्हें साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया । ब्रिटिश सरकार ने उन्हें सर की उपाधि दी परंतु जलियांवाला बाग कांड 1919 के बाद उन्होंने इस उपाधि को वापस कर दिया गया था। हम आज इस महान विभूति को याद कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। दूसरी ओर, श्रीनाथ स्कूल में आज ग्रीष्मकालीन शिविर का दूसरा दिन रहा जिसमें सर्वप्रथम बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई । प्रातःकालीन योगा के साथ शिविर कोसुचारू ढंग से प्रारंभ की गई आज विद्यालय के सभागार में सभी बच्चों ने रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती धूमधाम से मनाई। शिविर के कार्यक्रम में कक्षा 1 से चतुर्थ वर्ग के छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रकार की कला कृतियों को कैसे बनाया जाए उसके गुर सिखाया गया।



# सड़क किनारे लगी दुकानों को 16 जून से पूर्व बाजार समिति में करें स्थानांतरित : डीसी

## उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक, नगर परिषद को नये सैरात सृजन का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त।

**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र के प्रबंधन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ मंगलवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने समीक्षा बैठक की। इसमें प्रमुख रूप से नगर परिषद और बाजार समिति से जुड़े विषयों पर उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य रूप से शहरी क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे संचालित अवैध दुकानों को हटाने का उपायुक्त ने निर्देश दिया। खास कर वैसी दुकानें जिन्हें बार बार हटाने केआदेश के बावजूद खुलेआम मांस-मछली बेच रहें हैं। ऐसे अवैध रूप से दुकान संचालित करने वालों के दुकानों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने यह भी आदेश दिया कि सड़क किनारे लगे दुकानों एवं सब्जी बाजारों को 16 जून से पूर्व विधिवत तरीके से बाजार समिति में स्थानांतरित किया जाए, ताकि मुख्य सड़क में भीड़ न लगे एवं लोगों के आवागमन में समस्या न हो। साथ ही, सब्जी विक्रेताओं को एक सम्मानजनक स्थान पर सब्जी बेचने का मौका मिले। उपायुक्त ने इस दौरान बाजार समिति के पास श्रमिक केंद्र बनाने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने बाजार टांड़ में अवैध दुकानदारों को अंतिम नोटिस देते हुए आवंटन निरस्त करने का निर्देश दिया और निरस्त दुकानों को लॉटरी के माध्यम से आवंटन करने का सुझाव दिया। इस दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद अंतर्गत नयी सैरातों के सृजन का भी सुझाव दिया। बैठक में एसडीओ सदर, प्रशिक्षु आइएएस, नगर परिषद प्रशासक, अंचल अधिकारी गुमला व अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### दिव्यांग पुत्र की शिक्षा को ले पिता ने जनता दरबार में उपायुक्त से लगायी ट्राईसाइकिल की गुहार

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कर दूर दराज से आये लोगों की समस्या सुनी और उसके समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान घाघरा प्रखंड के आदर गांव निवासी शत्रुधन साहु ने उपायुक्त को आवेदन देकर अपने पुत्र अमरजीत साहु को विद्यालय आने-जाने के लिए ट्राईसाइकिल की मांग की। शत्रुधन साहु ने बताया कि उसका पुत्र दोनों पैरों से दिव्यांग है। उपायुक्त ने आवेदन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को अग्रसारित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गुमला प्रखंड के हुसैन नगर निवासी सफिया खातुन की बेटी ने उपायुक्त के समक्ष आवेदन देकर अपनी मां को कैंसर से पीड़ित बताते हुए इलाज में सहयोग की मांगकी। उपायुक्त द्वारा आवेदन पत्र को सिविल सर्जन गुमला को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गुमला प्रखंड के भरदा के ग्रामीणों ने एन.एच. 43 रोड के दोनों छोर में प्रतिदिन अवैध शराब तथा नशीला पदार्थ का विक्री की शिकायत उपायुक्त से की। साथ ही बताया कि नशा करने के बाद व्यक्तियों द्वारा अभद्र व्यावहार भी किया जाता है। ग्रामिणों द्वारा इसके विरूद्ध करर्वाई करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा आवेदन पत्र को अनुमण्ड पदाधिकारी गुमला को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में लक्ष्मण नगर निवासी नयना कुमारी ने आवेदन समर्पित कर बताया गया कि वह एक शिक्षित बेरोजगार युवती हैं एवं उनके पिता द्वारा परिवार को छोड़ देने के बाद रोजमर्रा के जीवन यापन में काफी कठिनाई हो रही है। आवेदक द्वारा उपायुक्त से रोजगार की मांग की गई। उपायुक्त द्वारा आवेदन पत्र को अपर उप समाहर्ता को अग्रसारित करते हुए आवश्यक करर्वाई करने का निर्देश दिया गया।

## सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी गुणवत्ता के साथ करें कार्य : श्रीराम उरांव



बैठक में मौजूद लोग।

खबर मंत्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड सभागृह में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव की अध्यक्षता में की गयी। इसमें प्रखंड क्षेत्र में संचालित अलग अलग विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि हमारा क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है और अधिकांश लोग या तो किसान हैं या फिर मजदूर। इस बात को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यों को निष्ठा और गुणवत्ता के साथ करें ताकि किसी भी ग्रामीण को समस्या का सामना न करना पड़े। प्रमुख ने कहा कि अगर किसी भी विभाग के खिलाफ उचित शिकायत मिलती है तो उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में पीएम आवास, मनरेगा, आंगणबाड़ी, विद्यालय, जनवितरण, बैंक जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में किसी ग्रामीण को लाभ लेने में परेशानी न हो इसके लिए भी रूपरेखा तैयार करने पर बल दिया गया। बैठक में अलग अलग विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दिया गया। दूसरी बार भी अनुपस्थित रहने को लेकर ग्रामीण बैंक पर सोकोज करने की बात प्रमुख ने कही। प्रखंड उप प्रमुख मधूलिका रानी व प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने भी अपने विचार रखे। बैठक में उपप्रमुख मधुलिका रानी, बीडीओ पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के चैरेबा मोड़ के समीप बस के धक्के से बाइक सवार खोरा निवासी 20 वर्षीय प्रणव कुमार सिंह, नागफेनी निवासी 19 वर्षीय पवन साहू व जसपुर निवासी 19 वर्षीय आकाश यादव गिरकर घायल हो गये। जहां स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायल को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने आकाश व पवन को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी। प्रणव कुमार सिंह को गंभीर चोट लगी है। उसे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कर दिया है।

### ट्रैक्टर पलटने से दब कर मजदूर की मौत

**गुमला।** सदर सदर थाना क्षेत्र के पसंगा गांव स्थित नहर में ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलटने से मजदूर की सोमवार को मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने शव पोस्टमार्टम के लिए रात्रि 10:00 बजे सदर अस्पताल लाया। घटना के बारे में जानकारी के अनुसार मृतक टोटो से छड़ और सीमेंट लोड कर अपने गांव में स्थित एक निमार्णाधीन मकान में पहुंचाने जा रहा था। तभी नहर के रास्ते में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर नहर के नीचे गिर गया। जहां ट्रैक्टर से दबने से उसकी मौत हो गई। आज शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### फरार वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**सेन्हा /लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डांडू निवासी जोखन उरांव के 35 वर्षीय पुत्र विकास उरांव को सेन्हा पुलिस द्वारा घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि विकास उरांव सेन्हा थाना कांड संख्या 31/10 धारा 376 का फरार वारंटी है।

### छुपाये गये ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में बाइक सवार को धक्का मार ट्रैक्टर फरार हो गया था। इसमें दो युवती गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के दौरान कोयनारा टोंगरी टोली निवासी पातरिक बिलु की पुत्री रितिक बिलु का मौत हो गयी थी। थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने घटना को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात फरार ट्रैक्टर जे एच 08 एफ 4582 को जब्त कर लिया। चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## भंडरा बीडीओ ने जनकल्याणकारी विकास योजनाओं की समीक्षा की



बैठक करते बीडीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार मे मंगलवार को बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा ने प्रखंड के जेई, एई व बीपीओ के अलावा सभी 9 पंचायत के पंचायत सचिव व रोजगार सेवक के साथ बैठक कर प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सख्त निर्देश दिया गया कि जो भी योजनाएं चल रही हैं। उसमें मजदूरों को रोजगार से जोड़कर योजनाओं को जल्द पूरा करें। वही लंबित पीएम आवास योजनाओं को भी समय पर पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि पंचायत सचिवों व मुखिया समन्वय बनाकर अपने-अपने पंचायतों में विकास योजनाओं का साप्ताहिक समीक्षा करें। जिसकी रिपोर्ट प्रखंड कार्यालय को समर्पित करें। ताकि पंचायत में चल रहे योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया जा सके। वही बैठक में उपस्थित बीपीओ को कहा कि योजना की प्रगति रिपोर्ट के हिसाब से ही योजनाओं में मजदूरों का डिमांड भरे। वही जेई एवं एई को यह निर्देश दिया गया कि योजना स्थल पर जाकर योजना का भौतिक सत्यापन के बाद ही योजनाओं का मापी पुस्तिका बनावे। ताकि योजनाओं में किसी तरह की फजीवाड़ा ना हो सके। इसके लिए प्रखंड के सभी मनरेगा टीम एक समन्वय बनाकर काम करेंगे। वही पंचायत से चल रहे हैं 15 वित्त की योजनाओं जन उपयोगी समझकर काम करें, ताकि पंचायत का विकास हो सके। समीक्षा बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, जनवितरण, पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई।

## एक दर्जन अवैध मुर्गा-मांस की दुकानें हटायी गयीं

### गुमला नगर परिषद प्रशासक ने प्रमुख मार्गों पर चलाया विशेष अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



जेसीबी मशीन से हटायी जा रही गुमटी।

**गुमला।** उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार के नेतृत्व में शहर के प्रमुख मार्गों पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में अंचल अधिकारी कुशलमय मुंडू, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार, नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, नगर परिषद के उड़नदस्ता दल के सदस्य, सभी जमादार तथा गुमला थाने के पुलिस बल मौजूद थे।

ललित उरांव बस पड़ाव के मुख्य द्वार के पास स्थित अवैध मुर्गा दुकानों को नगर परिषद के उड़नदस्ता दल ने जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी मुर्गा दुकानदारों के साथ बैठक कर उनसे बस स्टैंड इलाके से हटने को कहा था, जिस पर सभी ने सहमति भी जताई थी। किंतु लंबा समय बीत जाने के बाद भी अब वे लोग हटने को तैयार नहीं थे। इस पर मंगलवार को उपायुक्त के संज्ञान में देकर उपरोक्त दुकानों को बलपूर्वक तोड़ दिया गया। तोड़ने से पूर्व सभी को अपना सामान उठाने का मौका भी दिया गया। इसी प्रकार टंगरा मार्केट में अवैध रूप से बैठे मुर्गा दुकानों को बलपूर्वक हटा दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी श्री रवि जैन ने कहा कि यदि फिर से उपरोक्त दुकानदार अनाधिकृत रूप से बैठने का प्रयास करेंगे तो उन पर विभिन्न विधि सम्मत मामला दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि यह शहर हम सबका है इस शहर को व्यवस्थित व सुंदर बनाए रखने में हम सभी की भूमिका अपेक्षित है। पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार ने भी शहर के लोगों से अपील की कि वे मुख्य मार्गों को अतिक्रमित न करें तथा जिला प्रशासन व नगर निकाय द्वारा बनाए गए नियमों का अनुपालन करें। अधिकारियों के नेतृत्व में भटटी तालाब के पास दोनों ओर स्थित लगभग 10 अस्थाई अवैध संरचनाओं को या तो मौके पर ध्वस्त कर दिया गया या फिर उन्हें जब्त कर लिया गया। सर्किट हाउस रोड पर अवैध पार्क किए गए वाहनों को हटाने की चेतावनी दी गई। इसके बावजूद जिन वाहनों की पार्किंग जारी रही वैसे 4 तिपहिया वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

दो प्रमुख मार्गों को किया जाएगा नो पार्किंग जोन घोषित : प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि पुलिस से प्राप्त अनुशंसा एवं आम लोगों से मशवरा कर शीघ्र ही पटेल चौक से भट्टी तालाब तक एवं टंगरा मार्केट से परिसदन तक नो पार्किंग जोन अधिसूचित किया जाएगा। नगर परिषद के नगर प्रबंधक हेलाल अहमद ने कहा कि शहर के मांस मुर्गा विक्रेता स्वच्छता मानकों का ध्यान रखते हुए एसडीओ कार्यालय से निर्गत अनुज्ञप्ति प्राप्त करते हुए नगर परिषद द्वारा निर्धारित स्थान पर ही मुर्गा मांस आदि का व्यवसाय करें।

## एक नजर में

### भौरों मुखिया ने चलाया स्वच्छता अभियान

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौरों में मंगलवार को स्वच्छ मिशन अभियान के अंतर्गत पंचायत के मुखिया सुमंती तिग्गा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी एवं जलसाहिया मौजूद रहे। स्वच्छता अभियान के दौरान सर्वप्रथम पंचायत भवन से साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। जिसके बाद पंचायत भ्रमण करके विभिन्न सरकारी संस्थानों, सार्वजनिक जगहों एवं चौक चौराहों पर सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ग्रामीणों को स्वच्छता को लेकर शपथ दिलायी गयी। मौके पर उपस्थित पंचायत के मुखिया ने बताया कि पंचायत के सभी गांव, टोले, मोहल्ले में जाकर लोगों को साफ सफाई हेतु जागरूक किया जा रहा है।

### अवैध ईंट भट्ठा के मालिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव में संचालित सर्वश्री वाणी ब्रिक्स अवैध चिमनी ईंट भट्ठा के विरुद्ध जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के निर्देश पर भट्ठा संचालक मालिक सेन्हा निवासी स्व. बालेश्वर साहु का पुत्र जयनाथ साहु को सेन्हा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश पर ईंट निर्माण की सामग्री के अवैध भंडारण के विरुद्ध कारवाई की गयी है।

### उडुमुडू गांव में मंडा पूजा का हुआ आयोजन

**कुडू /लोहरदगा।** उडुमुडू गांव मे मंडा पूजा का आयोजन हर साल की भांति इस साल भी बहुत धूमधाम से किया गया। इसमें फुलखुंदी और झूलन के पश्चात सोमवार रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरजू कुमार साहू, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी ,रामदीप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग शुरूआत किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि समाज के सभी लोगों को मिलजुलकर और शांति व्यवस्था को बनाते हुए कार्यक्रम को करें और सफल बनाएं । वहीं सरजू कुमार साहू ने कहा कि मंडा पूजा सरना सनातन संस्कृति का एक अनूठा संगम है ।हम सभी मिलकर इस कार्यक्रम को करते हैं लेकिन अभी कुछ असामाजिक तत्व के लोग और कुछ बाहरी शक्तियां हमारे सरना सनातन समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। जिससे हमें बचना होगा और उसे मुंहतोड़ जवाब देना होगा।

### पलमी के जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र की जगह नया भवन बने : आलोक साहू

**भंडरा।** प्रखंड के ग्राम पलमी के ग्रामीणों की शिकायत पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ पलमी ग्राम पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि पलमी का आंगनबाड़ी केंद्र काफी जर्जर हो गया है। इस कारण पुराने टूटे मध्य विद्यालय में विगत 10 वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है। यह भवन भी काफी जर्जर हो गया है। श्री साहू सेविका एवं ग्रामीणों के साथ जर्जन आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया तो पाया कि भवन कभी भी ध्वस्त हो सकता है। श्री साहू ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम को यहां की सारी वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए यहां नया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र जल्द बनवाने की बात कही। समाज कल्याण पदाधिकारी ने इस संबंध में समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### सेन्हा प्रखंड कार्यालय परिसर में चला स्वच्छता अभियान

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया। सरकार के निदेर्शानुसार घर,सरकारी भवन,कार्यालय व आस पड़ोस को साफ तथा स्वच्छ रखने के लिये प्रखंड तथा अंचल कर्मियों को शपथ दिलायी गयी। मौके पर प्रखंड व अंचल कर्मी तथा सफाई कर्मी उपस्थित थे।

### परिवहन विभाग ने वसूला 18 हजार रुपये जुर्माना

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना के समीप सोमवार को परिवहन विभाग के निर्देश पर कार्यरत कर्मियों एवं पुलिस बल के सहयोग से दो पहिया वाहन जांच अभियान सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला राष्ट्रीय मुख्य पथ पर चलाया गया। जांच के क्रम बाइक चालक को बिना हेलमेट या लाइसेंस के पकड़े जाने पर 15 बाइक चालक तथा चार पहिया वाहन चालक से लगभग 18 हजार जुमार्ना राशि वसूली गई।

### हत्यारोपी पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सेन्हा/लोहरदगा।** बुटी छोटका टोली में पति के हत्या के आरोप में पत्नी को गिरफ्तार कर और मेडिकल जांच कराकर पुलिस ने जेल भेज दिया। बताया गया कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी छोटका टोली ग्राम में पति पत्नी के बीच महीनों से चल रहे पारिवारिक विवाद में पत्नी एतमनी देवी ने अपने पति दिलेश्वर उरांव का धारदार हथियार से मार कर हत्या के दी थी। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर एतमनी देवी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

### पीएम जन कल्याणकारी योजना के जिला उपाध्यक्ष बनाये गये गोविंद

**कैरो।** प्रखंड के हनहट गांव निवासी गोविंद महतो को प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार दुबे ने इस पद के लिए गोविंद महतो का मनोनय किया है। गोविंद महतो के जिला उपाध्यक्ष बनने पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष टिंकू महतो समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

### एक माह का सिलाई प्रशिक्षण आरंभ

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर द्वारा मंगलवार को महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एक माह का सिलाई प्रशिक्षण आरंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में गुमला जिले के तीन प्रखंड भरनो, घाघरा व बिशुनपुर से 22 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ संजय कुमार ने सिलाई के माध्यम से होने वाले फायदे के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण के पश्चात कटाई एवं सिलाई उद्यम से जुड़कर बेहतर आय कमा कर स्वावलंबी बने। उन्होंने बताया कृषि विज्ञान केंद्र गुमला में पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त किये महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने हेतु सहायता के रूप में सिलाई मशीन प्रदान की गई है। आज कई सारी महिलाएं 10 से 15000 सिलाई के व्यवसाय से प्रतिमाह कमा रही हैं।

### पुस्तकालय के संचालन को लेकर कमेटी गठित

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में बने महात्मा गांधी पुस्तकालय के सफल संचालन के लिए मंगलवार को अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता की उपस्थिति में कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष प्रो अगस्टिन महेश कुजूर, सचिव अनिरुद्ध चौबे, कोषाध्यक्ष विजय कुमार साहू के अलावे 27 सदस्यों का नाम सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान कई शिक्षाविद मौजूद रहे।

### मनायी गयी महाराणा प्रताप की जयंती

**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में मंगलवार को महाराणा प्रताप की जयंती मनायी गयी। जयंती समारोह का विद्यालय की सचिव अंकिताश्री व प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन तथा महाराणा प्रताप के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 10 वीं तक के छात्र-छात्राएं शामिल होकर भाषण तथा कविताओं का प्रदर्शन किया। सर्वश्रेष्ठ भाषण के रूप में कक्षा सातवीं की छात्रा अनन्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कक्षा नौवीं के छात्र शतानंद ने द्वितीय व कक्षा 3 के छात्र अश्विन राज एवं कक्षा 4 के सृष्टि यादव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिका और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## 'द केरला स्टोरी' पर बैन से बढ़ेगा कट्टरपंथियों का मनोबल : ओम सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने 'द केरला स्टोरी' पर बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पाबंदी लगाये जाने की घोर निंदा की है। उन्होंने कहा है कि बंगाल सरकार का यह निर्णय वोट बैंक की सस्ती राजनीति से प्रेरित है। ममता बनर्जी के इस निर्णय से कट्टरपंथियों का मनोबल बढ़ेगा। बंगाल सरकार का यह मनमाना फैसला है।

श्री सिंह ने कहा है कि सेंसरबोर्ड द्वारा इस फिल्म को स्वीकृति प्राप्त है। जब इस फिल्म पर उठाई गई आपत्तियों को उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया हो, तो उसे प्रतिबंधित करना न्यायालय का अवमानना माना जाएगा।

## पुलिस केंद्र गुमला में अपराध गोष्ठी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



अपराध गोष्ठी में निर्देश देते एसपी व उपस्थित पुलिस पदाधिकारी।

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिब की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस केंद्र गुमला में अपराध गोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी बैठक में लंबित कांड, गृहभेदन, वारंट, कुर्की का निष्पादन करने, नक्सल अभियान तेज करने तथा अवैध खनन पर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह पर क्यूआर कोड बास्ट पेट्रोलिंग तथा रक्षक ई बीट पेट्रोलिंग के माध्यम से संबंधित पदाधिकारी को निर्धारित नियमानुसार क्षेत्र में निगरानी रखने हेतु निर्देश दिया गया। डायन बिसाही, महिला उत्पीड़न, नशापान, नशीली मादक पदार्थ के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने एवं हत्या, बलात्कार व आप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में त्वरित गति से अनुसंधान करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र में एंटी वाहन चेकिंग चलाने एवं थाना क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लोगों के बीच समन्वय स्थापित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। विगत पांच वर्षो से जेल से जमानत पर मुक्त हुए अपराधकर्मियों, उग्रवादियों व उनके समर्थकों का सत्यापन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। साथ ही अनुसंधान, विशेष छापामारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को बैठक में पुरस्कृत किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार, पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप प्रणव (प्रशिक्षु), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला मनीष चंद्र लाल, एसडीपीओ बसिया विकास आनंद लागुरी, सभी प्रभारी अंचल निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी तथा शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

## हमारी खुशी व शांति को कंडीशनल बना दिया गया है : राजेश भाई

### औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के विद्यार्थियों के लिए 'अनकंडीशनल सक्सेस' पर व्याख्यान व कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी व ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के लोग।

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र गुमला द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए अनकंडीशनल सक्सेस विषय पर व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों समेत शिक्षकों ने भाग लिया।

ब्रह्माकुमारीज हेड क्वार्टर माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार डॉ राजेश भाई ने सत्र की शुरुआत प्रश्नों द्वारा की। उन्होंने ने कहा कि ऐसे कितने हैं, जो स्वयं को सक्सेसफुल मानते हैं। दूसरा ऐसे कितने हैं, जो सफलता को सही अर्थों में नहीं जानते। तीसरा अपने जीवन में कौन-कौन सफल होना चाहते हैं? इन तीनों प्रश्नों के उत्तर के लिए उन्होंने तीन शर्तें रखीं। पहला यह कि हमें सदैव मुस्कुराते रहना चाहिए। दूसरा अपने मन में उस समय किए जाने वाले कार्य के प्रति संपूर्ण एकाग्रता होनी चाहिए। तीसरा हमारे अंदर कुछ विचार होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारी खुशी व शांति को कंडिश्नल बना दिया गया है। मार्क्स ज्यादा आएंगे तो माता-पिता खुश होंगे मित्रों से प्रशंसा मिलेगी। इस कारण से उसकी खुशी व शांति गुम हो जाती है तो मूल बात यह है कि यदि किसी कार्य को करने के बाद हमारे लिए कोई कंपटीशन वाली परिस्थिति खड़ी होती है तो हमें समझना चाहिए कि यहां हमारी सफलता कंडीशन वाली है। उन्होंने सफलता के परिभाषा को बच्चों के माध्यम से जानना चाहा और फिर उन्होंने इस विषय को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिस कार्य की पूर्णता पर हमें सच्चे अर्थों में खुशी व शांति महसूस होती है । उसे ही सही मायने में सफलता कहेंगे। व्याख्यान की समाप्ति पर प्रिंसिपल प्रेम कुमार ने ब्रह्माकुमार डॉ. राजेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम आज शाम को गौरवान्वित महसूस करते हैं कि हमारे बीच इतने अनुभवी वक्ता आये हैं। जिनसे हम सफलता के महीन अर्थों को समझने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सच्ची खुशी, शांति व सुख का अनुभव कर सके। वहीं ब्रह्माकुमारी ममता बहन ने संस्था का परिचय देते हुए कहा कि जिस प्रकार हर एक विद्यालय का एक लक्ष्य होता है। उसी प्रकार ब्रह्माकुमारी विद्यालय का भी लक्ष्य है कि हमें श्रेष्ठ कर्म करने वाला मनुष्य बनना चाहिए।

### मिशन बदलाव ने की मांग सरकारी स्कूल के शिक्षकों का ड्रेस कोड अनिवार्य हो

**गुमला।** मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातून और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने जिला शिक्षा अधीक्षक के नाम मांग पत्र सौंपाकर जिले के सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य करने की मांग की। जिससे बच्चों को अनुशासन का पाठ सिखाया जा सके। मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातून ने बताया कि ड्रेस समानता की भावना पैदा करता है और समान ड्रेस कोड के समूह और सामुदायिक पहचान पर ध्यान केंद्रित करती है। यह समानता को प्रोत्साहित करता है। नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि स्कूल की वर्दी सीखने के लिए वातावरण को अधिक अनुकूल बनाती है। मिशन बदलाव सदस्य जहां आरा ने कहा कि ड्रेस कोड से व्यवहारिक और शैक्षणिक परिणामों में सुधार होता है।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की ईलाज के दौरान हुई मौत

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हरिजन टोला निवासी कल्लू भुइयां लगभग 38 वर्ष पिता फगुन भुइयां की रांची रिम्स में ईलाज के दौरान सोमवार की रात्रि मौत हो गई। बताते चलें कि बीते शुक्रवार को कल्लू भुइयां अपने ईलाज के लिए परिजनों के साथ टेम्पु बुक कर लातेहार के सतबरवा गया हुआ था कि संध्या अपने घर बालूमाथ लौटने के क्रम में मनिका हेरहंज मुख्य सड़क स्थित मटलॉग ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर टेम्पु पलट गई। जिससे कल्लू भुईयां गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया था। जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां उसकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक कल्लू भुइयां अपने घर का कमाऊ सदस्य था जो भरा पूरा परिवार छोड़ गया। मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कल्लू के हुई मौत पर समाज सेवी महेश भुइंया, गुड्डू भुइंया, लक्षमण भुइंया, अनवर अंसारी, शाहीद अंसारी, फिरोज कोरैशी, सहित कई लोगों ने दुख व्यक्त किया है।

### स्कूल गया छात्र हुआ गुमशुदा


गुमशुदा छात्र।

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत दुबी ग्राम निवासी उमेश उरांव का भतीजा पृथ्वीराज उरांव (8 वर्ष) सोमवार से गुमशुदा है। परिजनों ने बताया कि पृथ्वीराज उरांव पिपराही के ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में पढ़ाई करता है। सोमवार की सुबह 7 बजे वह स्कूल गया था, दोपहर में छुट्टी होने के बाद वह वापस नही लौटा। खोजबीन करने पर पता चला कि उसे अंतिम बार महुआमिलान स्टेशन के पास देखा गया था, जिसके बाद वह उसका कोई अता-पता नही है। अपने रिश्तेदारों एवं आसपास के इलाकों में काफी खोज बिन किया, लेकिन कुछ पता नही चल पा रहा है। मामले में उमेश उरांव ने चंदवा थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी की सनहा दर्ज किए जाने की बात कही है, साथ मदद की भी गुहार लगायी है।

### यूनिसेफ की टीम ने लिया जायजा


जानकारी लेती टीम।

**चंदवा।** झारखंड शिक्षा परियोजना एव यूनिसेफ द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रावि नेवाड़ी, उमवि पन्नाटाड़ और आंगनबाड़ी केंद्र टुढ़ामू का जायजा लिया। विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों से स्वच्छता संबंधी जानकारी प्रदान की। शौचालय और उसकी स्वच्छता, पानी की सुविधा समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते उनके रखरखाव व सफाई के लिए प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र टुढ़ामू का जायजा लेने के दौरान सेविका सुकृता और सहायिका से स्वच्छता संबंधी जानकारी ली। मौके पर एलएस ज्योति बाला, सकृता देवी समेत अन्य मौजूद थे।

### हत्या का हुआ उद्भेदन, दो गिरफ्तार


जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

**हेरहंज।** प्रखंड क्षेत्र की बिदीर गांव पिता बासूदेव जी उर्फ गोपाल गंझू के पुत्र हत्या कांड का उद्भेदन हो गया। बताते चले कि इनके पुत्र का शव कुआं से बरामद किया गया था। इस संबंध में हेरहंज थाना कांड संख्या 21/23 दिनांक 05,05.2023 धारा-302/201/34 भादवी के अंतर्गत दर्ज किया गया था। घटना के उद्भेदन एवं त्वरित कारवाई हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल (एसआईटी) का गठन किया गया। विशेष छापामारी दल के द्वारा मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर 03 मई को विभिन्न जगहों पर छापामारी कर हत्या में शामिल 2 (दो) अपराध को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त लूंगी, पेचकश तथा मोबाईल बरामद किया गया है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों में फुलदेव भूईया उम्र 23 वर्ष पिता भिंसरी भुइयाँ पता विदिर थाना हेरहज, पिन्टू भुईया उम्र 27 वर्ष पिता गन्नु भुईया पता हेवना थाना बालूमाथ को गिरफ्तार किया गया है। वहीं छापामारी दल में एसडीपीओ अजीत कुमार, शशि रंजन कुमार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हेरहंज, पुअनि कैलाश कुमार, पुअनि रूपलाल प्रसाद, पुअनि कुबेर साव बालूमाथ थाना, बालूमाथ थाना एवं हेरहंज थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### कन्वेयर बेल्ट का हुआ उद्घाटन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के चमातू ग्राम में सीसीएल द्वारा संचालित एशिया महादेश का सबसे बड़ा मगध कोल परियोजना में लातेहार एसडीएम शेखर कुमार, बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, एनटीपीसी के पदाधिकारी खान साहब, बालूमाथ प्रखंड के उप प्रमुख कामेश्वर राम ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर एवं विधि वक्त पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चारण के साथ कन्वेयर बेल्ट का उद्घाटन किया गया। इस संबंध में एनटीपीसी के पदाधिकारी खान साहब ने बताया कि कन्वेयर बेल्ट लगने से कोयला एनटीपीसी व कोयला साइडिंग में आसानी से पहुंचाया जाएगा। ट्रांसपोर्टिंग से कोयला पहुंचाने से ग्रामीण धूल कण एवं सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते है। कन्वेयर बेल्ट से कोयला ले जाने से कंपनी व पॉवर प्लांट को कोयला सस्ते दामों में मिलेगी। जिससे लोगों को बिजली किफायती दरों में मिल सकेगी।

## कई लोग फर्जीवाड़ा कर उठा रहें है पेंशन योजना का लाभ, होगी जांचः बीडीओ

# पूरे मामले में प्रज्ञा केंद्रों की कार्यप्रणाली संदिग्ध


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते बीडीओ।

### प्रखंड में कई प्रज्ञा केंद्र इस धंधे में शामिल

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि फर्जी पेंशन समेत कई योजनाओं का लाभ लेने को लेकर कई लोगों के द्वारा अधिक पैसे कमाने के चक्कर में आधार कार्ड समेत कई दस्तावेजों की हेराफेरी करने का काम कुछ प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से किया जा रहा है। जिसकी शिकायत प्राप्त हुई है, और इसको लेकर कई लोगों के नाम भी अब तक सामने आ चुके है जिनके खिलाफ जल्द ही नोटिस जारी कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मंगलवार को प्रखंड विकास अधिकारी राकेश सहाय ने प्रखण्ड क्षेत्र में फर्जी पेंशन के मामले का खुलासा किया है। पूरे मामले को लेकर प्रेसवार्ता करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में फर्जी आधार कार्ड के माध्यम से लगातार सर्वजन पेंशन योजना का लाभ लेने को लेकर आवेदन पंचायत स्तर पर होने वाले जनता दरबार में प्राप्त होने की शिकायत मिल रही थी। जिसको लेकर पोखरी कला से प्राप्त 1 सप्ताह पूर्व जनता दरबार के पेंशन के आवेदन की जांच कराई गई। जिसमें से 7 लाभुकों के द्वारा फर्जी आधार कार्ड और दस्तावेजों का इस्तेमाल कर आवेदन किया गया थे। जिसकी जांच प्रखंड स्तर पर चुनाव कोषांग के माध्यम से जांच कराने पर खुलासा हुआ। वहीं पेंशन के फर्जी आवेदन का खुलासा होने के बाद पूरे मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पंचायत के मुखिया के साथ आवेदन देने वाले लाभुकों को नोटिस जारी किया गया है। जहां आवेदनकर्ता समीमा खातून, खुशबुन निशा, मोहम्मद इकबाल अंसारी, विमला देवी, फिरोज मियां, ललिता देवी और सलमा बीबी के द्वारा फर्जी दस्तावेज के माध्यम से आवेदन करने की बात स्वीकारी गई है, ताकि उनके द्वारा बताया गया कि प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से आधार कार्ड एडिट कर ऐसा किया गया था।

### राज्य स्तरीय ट्रैकिंग कम नेचर स्टडी कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव


कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री।

**लातेहार।** भारत स्काउट एंड गाइड के राज्य स्तरीय ट्रैकिंग कम नेचर स्टडी कार्यक्रम में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों के बच्चो ने नेतरहाट मे आकर प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लिए। बच्चो के उत्साहवर्धन के लिए झारखंड राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने नेतरहाट आकर बच्चो को प्रोत्साहित एवं संबोधित किया। इस अवसर पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने विद्यालय प्रेक्षागृह मे वित्त मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. मोहन सिंह भारत स्कॉट एंड गाइड के सचिव, अमोद सिंह राज्य संगठन आयुक्त, गौतम लेलिन मुख्यालय आयुक्त, लिलि ग्रेस तिग्गा, प्रशिक्षण आयुक्त, विद्यालय के वरीय शिक्षक एवं जिला मुख्य आयुक्त स्कॉट एन्ड गाइड डॉ. प्रसाद पासवान, महुआडांड़ के अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं प्रशिक्षक, प्रशासनिक पदाधिकारी रौशन कुमार बक्शी एवं समस्त कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में नेतरहाट के शिक्षा, यहां के प्राकृतिक जीवन, साफ-सफाई के बारे में लोगों को जागरूक किया। मंत्री ने कृषि को भी सदृढ़ बनाने के बारे में लोगो को बताया। बच्चो को कहा कि बच्चे हिंदी-अंगेजी के अलावा अपने लोकल भाषा से भी रूबरू हो।

## लाइफ लाईन की टीम ने किया प्रेस वार्ता

➲ 15 मई से 4 जून तक लाईफलाईन एक्सप्रेस के माध्यम से होने वाले निःशुल्क ईलाज को लेकर जानकारी किया साझा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन की लाइफलाइन एक्सप्रेस के माध्यम से आगामी 15 मई से 4 जून तक चलने वाले निःशुल्क मेडिकल कैम्प को लेकर लाइफ लाइन एक्सप्रेस की टीम ने चंदवा प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता में लाईफ लाइन एक्सप्रेस के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए टीम ने बताया कि 231 वां इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन की लाइफलाइन एक्सप्रेस के द्वारा निःशुल्क कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमे 15 से 20 मई तक आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी एवं 16-21 मई तक ऑपरेशन, 22 से 26 मई तक कान की जांच एवं सर्जरी व 23 से 27 तक ऑपरेशन, 28 से 30 मई मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी (14 वर्ष के कम), कटे फटे होंठ की जांच एवं सर्जरी व 29 से 31 तक ऑपरेशन, दांत की


प्रेस वार्ता कर जानकारी देती टीम।

जांच एवं उपचार एवं ऑपरेशन 30 मई से 4 जून तक किया जाएगा। साथ ही 15 मई से 20 मई तक स्त्री स्तन एवं ग्रीवा कैंसर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेगा। टीम ने बताया कि मरीज अपने साथ आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र लाना सुनिश्चित करेंगे एवं भर्ती किये जाने वाले मरीज के साथ एक ही व्यक्ति सहयोगी के रूप में रुक कसते हैं। मरीजों की जांच, ऑपरेशन, रहने एवं खाने का प्रबंध निःशुल्क होगा। टीम ने बताया कि मरीजों का रजिस्ट्रेशन व जांच को लेकर चंदवा सीएचसी में कैम्प लगेगा व ऑपरेशन के योग्य मरीजों को सुरक्षित एम्बुलेंस के माध्यम से टोरी जंक्शन में खड़ी लाइफ लाइन एक्सप्रेस ले जाया जाएगा। जहां कुशल डॉक्टरों के द्वारा मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। टीम क्षेत्र वासियों से निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है। मौके पर बीडीओ विजय कुमार, लाइफ लाइन टीम के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अजय कुमार, पवन कुमार समेत कई पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

## कई जल मीनार वर्षों से है खराब

➲ जनप्रतिनिधियों का इस पर कोई ध्यान नहीं, गर्मी के मौसम में लोगों को हो रही है पानी के लिए भारी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों लोगों को पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर तपती गर्मी का मौसम और दूसरी ओर कई वर्षों पूर्व से खराब पड़े जल मीनार हैं। जो लोगों को पानी की सुविधा देने में असफल साबित हो रहे हैं। लेकिन इस पर क्षेत्र के किसी भी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। लोगों के हित को देखते हुए सरकार नल जल योजना चला रही है ताकि क्षेत्र के हर एक घर को पानी मिल सके लेकिन हर घर नल जल योजना भी असफल साबित हो रही है। क्षेत्र में पहले से लगे ऐसे कई जल मीनार हैं जिनका मरम्मत कराकर लोगों को पानी के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। लेकिन जर्जर पड़े सोलर जल मीनारों को मरम्मत कराने की जगह नई-नई जल मीनार लगाए जा रहे हैं फिर भी लोगों को पानी जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। आपको बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में देखा जाए तो ऐसे सैकड़ों जल मीनार हैं जो जर्जर स्थिति में हैं। वहीं मनिका प्रखंड क्षेत्र निवासी व झारखंडी खातियाणी भाषा संघर्ष समिति के सदस्य प्रवीण कुमार बताते हैं कि प्रखंड मुख्यालय के लैंपस के समीप और प्रखंड कार्यालय के समीप कई वर्षों पूर्व सोलर जल मीनार लगाया गया था और जल मीनार लगाए जाने के कुछ दिनों बाद ही खराब हो गया जिसका मरम्मत करवाने को लेकर उन्होंने प्रखंड स्तरीय अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को कई बार लिखित आवेदन दिया है पर आज तक आश्वासन के अलावा जल मीनारों का मरम्मत नहीं करवाया गया है। अभी तपती गर्मी के मौसम में लोगों के लिए पानी की समस्या व्याप्त है जिस पर जल्द से जल्द जिला प्रशासन को संज्ञान लेते हुए खराब पड़े सोलर जल मीनारों को चिन्हित कर मरम्मत करवाने की आवश्यकता है ताकि लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके।

## आत्मनिर्भर बनने के लिए किसानों को दी जाएगी कृषि एवं पशुपालन की प्रशिक्षण

➲ मनिका प्रखंड के ग्राम नावाडीह में भारतीय लोक कल्याण संस्थान ने ग्राम सभा कर किया योजना का चयन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के ग्राम नावाडीह में दिन मंगलवार को भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा बोरिंग और शेड का चुनाव करने को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विजय सिंह ने किया। ग्राम सभा में मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय लोक कल्याण संस्थान के परियोजना प्रबंधक संदीप कुमार वैद्य ने बताया कि कृषि विभाग, पशुपालन, और सहकारिता विभाग के तहत एजामाड़ गांव के 25 एकड़ जमीन में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के तहत मुर्गी शेड, बकरी शेड, सुअर पालन और कृषि के तहत प्रशिक्षण देने को लेकर किसानों का चयन किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को आत्मनिर्भर बनने के लिए पशुपालन एवं सभी प्रकार के सब्जी का खेती करने के बारे में जानकारी दिया जाएगा। आगे बताया कि अभी 10 गांवों में 777 किसानों का सर्वे किया गया है जिसमें मनिका, एजामाड़, सिंजों, बांड़ी, पोखरी, नावाडीह, नामूदाग, चेचेंधा, मानिकडीह और कुटमू आदि किसानों को कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के माध्यम से जागरूक करते हुए एजामाड़ के कृषि विभाग के 25 एकड़ भूमि में कृषक पाठशाला के कार्य करने में सहयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य में भारतीय लोक कल्याण संस्थान के परियोजना प्रबंधक संदीप कुमार वैध के साथ कुमार विशाल, प्रिंस राज, नीतीश कुमार, रवि रोशन के द्वारा भी सहयोग किया जाएगा। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## कई बालू घाटों से बालू का उठाव पंचायत स्तर पर हुआ शुरू

**बरवाडीह।** जिला खनन विभाग के द्वारा जहां कैटेगरी वन प्रखंड के कंचनपुर और बेतला के बाद अब उत्तर कोयल छेचा, उत्तर कोयल करकटिया कोयल नदी खुरा, लंका, मंगरा, औरंगा समेत आधा दर्जन से अधिक बालू घाटों को चयन किए जाने के बाद मंगलवार को प्रखंड के मंगरा बालू घाट से बालू उठाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी। मंगरा बालू घाट से बालू उठाव करने को लेकर पंचायत के मुखिया बिपिन बिहारी के द्वारा पंचायत स्तर पर निगरानी समिति के गठन के बाद विधिवत फीता काटकर बालू उठाव की शुरूआत करने का काम किया गया। जहां समिति को सख्त निर्देश दिया गया कि प्रखंड प्रशासन के माध्यम से तय की गई राशि की वसूली सही तरीके से की जाएगी। साथ ही साथ अवैध बालू का उठाव किसी हालत में बर्दाश्त नहीं होगा। वहीं मौके पर मौजूद पंचायत सेवक जयराम राय के द्वारा भी बालू घाट समिति को कई दिशा निर्देश देने का काम किया गया। साथ ही साथ यह भी कहा गया कि घाटों से बालू के उठाव किए जाने के बाद इसका किसी भी तरह से अवैध भंडारण नहीं होना चाहिए। मौके पर पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक के साथ वार्ड सदस्य सुगा सिंह, वीरेंद्र सिंह, विक्की सिंह और आलोक सिंह समेत काफी संख्या में समिति के लोग और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।


बालू घाट का शुभारंभ करते मुखिया व अन्य।

## निकासी के बाद भी क्वारनटाइन का पैसा अबतक नहीं मिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** कोरोना काल के दौरान पंचायतों में बनाये गये कोविड के क्वारनटाइन सेंटर का संचालन उस वक्त के मुखिया और पंचायत सेवक के द्वारा किया जा रहा था। जिसमें प्रवासी मजदूरों के साथ-साथ संक्रमित मरीजों के रहने की भी व्यवस्था की गई थी। जिसके पैसे का भुगतान इस वर्ष फरवरी माह में किया गया। वही क्वारनटाइन सेंटर का उस वक्त संचालन कर रहे पंचायत सचिव और मुखिया को पैसे के भुगतान करने का काम प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के निर्देश पर किया तो गया। परंतु प्रखंड के चुगरु और लात पंचायत के तत्कालीन मुखिया अब तक प्रभारी पंचायत सेवक सर्वेश सिंह के द्वारा पैसे की निकासी किए जाने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया है। जबकि प्रखंड प्रशासन के माध्यम से सर्वेश सिंह के द्वारा अपने निजी खाते में पैसे डलवाने का काम किया गया था। वहीं लगभग एक सप्ताह पूर्व चुंगरू पंचायत के मुखिया बलदेव परहिया ने मामले की लिखित शिकायत बीडीओ राकेश सहाय से की है। वही लात पंचायत के तत्कालीन मुखिया जग सहाय सिंह ने बताया की प्रखंड प्रशासन के निर्देश पर कोरोना काल के दौरान हम लोगो ने बिना किसी प्रशासनिक सहायता के कर्ज लेकर अपने पंचायत में क्वारनटाइन को चलाया पर अब सरकार के माध्यम से उसके पैसे का भुगतान कर दिया गया है। फिर भी प्रभारी पंचायत सेवक रहे सर्वेश सिंह के द्वारा पैसा देने के बजाय सिर्फ आश्वासन देने का काम किया जा रहा है। जिससे हम उस दौरान कर्ज देने वाले लोगों को पैसा लौटाने में अक्षम है, और मानसिक परेशान हैं। वही मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि सभी पंचायतों में पैसे का आवंटन कर क्वारनटाइन संचालन करने वाले मुखिया को भुगतान कर दिया गया है। वहीं चुगरु पंचायत के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई है कि प्रभारी पंचायत सेवक के द्वारा राशि निकासी के बाद भी अब तक क्वारनटाइन को लेकर खर्च करने वाले मुखिया को पैसा नहीं दिया गया है। मामले की जांच कर संबंधित प्रभारी पंचायत सेवक पर कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि उन्हें पैसे को रखने का कोई अधिकार नहीं है।

### भूमि का मुआवजा को लेकर लगा शिविर


शिविर में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** लातेहार उपायुक्त के निदेशानुसार भु-अर्जन पदाधिकारी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में रेलवे में गए भूमि के भू-रैयतो को मुआवजा एवं कागजात सत्यापन को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि टोरी शिवपुर रेल लाईन में अधिग्रहित चेडरा, अमरवाडीह, फुलवसीया, बनवार व मनातु, ग्राम के दर्जनों भू-रैयतों की जमीन रेलवे द्वारा अधिग्रहित किया गया है। जिसे ध्यान में रखते हुए भू-रैयतों का मुआवजा, कागजात की सत्यापन एवं समझौता को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एक दर्जन से अधिक भू-रैयत शामिल हुए। जहां उनके द्वारा दिये गये कागजात की जांच की गई। सभी भु-रैयतों को मुआवजा लेने हेतु अपने-अपने भाइयों एवं परिवार वालों से समझौता कर शपथ पत्र एक सप्ताह के अंदर कार्यालय में जमा करनें को कहा गया। ताकि समय पर अधिग्रहण भूमि का मुआवजा दिया जा सके। इस मौके पर जिला भु-अर्जन अमीन अजय विश्वकर्मा, अंचल निरीक्षक सुरेश राम,हल्का कर्मचारी लाल बिहारी उरांव, मो शोएब अख्तर, अमीत कुमार, अंचल अमीन संजय यादव, के अलावा भू रैयत सुरेश गंझु, प्रकाश गंझु, किशुन गंझु, महावीर गंझु, मो अय्युब सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय राधास्वामी संगठन कार्यालय का हुआ शुभारंभ


मौके पर मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय के झरिवा तालाब के आंगनबाड़ी केंद्र के समीप जिला स्तरीय राधास्वामी संगठन कार्यालय का शुभारंभ मंगलवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, मुखिया राजीव भगत, सुरेश उरांव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष लाल आशीष नाथ शाहदेव, प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा, लातेहार प्रभारी निरंजन मिश्रा, जिला कोडिनेटर विनोद कुमार, सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शर्मा ने राधास्वामी संगठन के कार्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कहा कि यह संगठन एक सामाजिक संगठन है जो समाज के सभी वर्ग समुदाय के लोगों के घर का सपना, किराना सामान, एलपीजी गैस, बच्चों की शिक्षा, गाड़ी एवं जिनका अपना घर नहीं है उन्हें किराए एवं घर बनाने के साथ ही साथ बेटीयों कि शादी में आर्थिक मदद करती है। आगे कहा कि संगठन से जुड़े सभी व्यक्तियों के विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को मदद पहुंचाती है। साथ ही संगठन से जुड़े सदस्यों की बेटियों की शादी में उपहार के रूप में एक लाख रुपए के साथ-साथ दहेज एवं बारातियों के लिए डेकोरेशन की व्यवस्था निःशुल्क करती है। उन्होंने जिला वासियों से राधास्वामी संगठन से जुड़कर लाभ लेने का अपील किया है। इस मौके पर पंचायत कोडिनेटर भीम प्रजापति, राजेश भुइयां, सन्तू प्रजापति, रामनिवास चौधरी, दीपावली देवी, कामेश्वर प्रजापति सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

# सात दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बानालात स्थित नव निर्माण शिव मंदिर परिसर में श्रीश्री 1008 श्री रूद्र महायज्ञ सह शिव परिवार एवं सात दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान ओमप्रकाश सिंह पत्नी मिना देवी, अशोक सिंह पत्नी नूतन देवी, राजकुमार सिंह पत्नी सावित्री देवी, लखन सिंह पत्नी रतन देवी, जयप्रकाश सिंह पत्नी सुनिता देवी, सिबदेव सिंह पत्नी ललीता देवी, सुबोध सिंह पत्नी ममता देवी, कृष्ण बल्ब सिंह पत्नी रूकमणी देवी, गोपाल नाथ सिंह पत्नी चंपा देवी, बैजनाथ सिंह पत्नी अनिता देवी के अलावा कई कुंवारी कन्या एवं सैंकड़ो श्रदालुओं ने मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ कलश उठाकर पैदल बनालात बस्ती, सोहरवा टांड, पार गढ़ा, मध्य विधालय, मनातु होते लातेहार चतरा सिमा स्थित सतबहनी नदी तट पर पहुंची जहाँ वाराणसी के यज्ञाचार्य श्यामसुंदर उपाध्याय जी महाराज द्वारा मंत्रोच्चारण एवं वैदिक कर्म कांड के साथ गंगा पुजन तथा वरूण देव का आह्वान कर कलश में नदी का पवित्र जल भरवाया। पुनः कलश यात्रा यज्ञ पंडप पहुंचा जहाँ यज्ञाचार्य श्यामसुंदर उपाध्याय जी महाराज ने मंत्रोच्चार के पश्चात कलश स्थापित कराया। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि चतरा के पुर्व विधायक जनार्दन पासवान, सिमरया के पुर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह, बारियातू मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र कुमार सिंह, आजसू केन्द्रीय सचिव सह पतंजलि योगपीठ लातेहार के जिला संयोजक जितेंद्र सिंह (जिवन) स्थानीय मुखिया सुशीला देवी, पुर्व मुखिया राजेन्द्र उरांव, सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष नन्दन किशोर पाठक, अरविंद सिंह, सचिव अक्षयवट सिंह, ओमप्रकाश सिंह सहित कई लोगों का सराहनीय भुमिका निभा रहे हैं। यज्ञ के संबंध में जानकारी देते हुए संयोजक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि 8 मई को देवी मंडप पुजन एवं जलाधिवास 9 मई को पुजन पाठ स्वाहाकार, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, वस्त्राधिवास, पकवन्नाधिवास, फलाधिवास इत्यादि 10-11 व 12 मई को पुजन पाठ स्वाहाकार एवं 13 मई को पुणार्हुति एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन भण्डारा का व्यवस्था किया गया है। प्रतिदिन रात्री 7 बजे से इच्छातम किया जायेगा। एवं प्रतिदिन रात्री आठ बजे से प्रवचन किया जायेगा। अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं से ससमय यज्ञ कार्यक्रम में पहुँच कर भाग लेने का अपील किया है। सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का व्यवस्था किया गया है।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

